# झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची ,झारखंड

## मॉडल प्रश्न पत्र (2022- 2023)

## ( वस्तुनिष्ठ )

कक्षा-XII — समय-1 घंटा 30 मिनट

विषय- हिंदी (ऐच्छिक) — पूर्णांक- 40

सामान्य निर्देश-

- कुल 40 प्रश्न है!
- सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है!
- प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है!
- प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं सही विकल्प का चयन कीजिए!
- गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएंगे!

खंड – क ; (अपटित बोध)

निम्नलिखित गधांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर संख्या 1 से 4 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–

वर्तमान शिक्षा पद्धति के अन्तर्गत हम जो विद्या प्राप्त कर रहे हैं, उसकी विशेषताओं को सर्वथा नकारा भी नहीं जा सकता। यह शिक्षा कुछ सीमा तक हमारे दृष्टिकोण को विकसित भी करती है, हमारी मनीषा को प्रबुद्ध बनाती है तथा भावनाओं को चेतन करती है, किंतु कला शिल्प प्रौद्योगिकी आदि की शिक्षा नाममात्र की होनी के फलस्वरूप इस देश के स्नातकों के लिए जीविकोपार्जन टेढ़ी खीर बन जाता है और वृहस्पति बना युवक नौकरी की तलाश में अर्जियाँ लिखने में ही अपने जीवन का बहुमूल्य समय बर्बाद कर लेता है। जीवन के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए यदि शिक्षा के क्रमिक सोपनों पर विचार किया जाय, तो भारतीय विद्यार्थी को सर्वप्रथम इस प्रकार शिक्षा दी जानी चाहिए, जो आवश्यक हो, दूसरी जो उपयोगी हो और तीसरी जो हमारी जीवन को परिष्कृत एवं अलकृत करती है।

1. वर्तमान समय में दी जानी वाली जाने वाली शिक्षा की विशेषता निम्न में से कौन सी है ?
    1. दृष्टिकोण को विकसित करने में सहायक
    2. बुद्धि को तेज़ करनेवाली
    3. व्यक्ति की भावनाओं को सचेत करनेवाली
    4. इनमें से सभी
2. आज पढ़ा लिखा युवक अपने जीवन का बहुमूल्य समय कहाँ नष्ट कर देता है ?
    1. उच्च शिक्षा पाने में
    2. तकनीक शिक्षा पाने में
    3. जीवन मूल्यों को मजबूत करने में
    4. नौकरी खोजने में
3. भारतीय विद्यार्थी को दी जाने वाली शिक्षा का प्रथम सोपान है ?
    1. शिक्षा जो उपयोगी हो
    2. शिक्षा जो आवश्यक हो

Jharworld.com

3. शिक्षा जो परिष्कृत करती हो
4. शिक्षा जो जीवन को अलंकृत करती हो

4. रेढ़ी खीर वन जाना मुहावरे का अर्थ है–
1. काम कठिन हो जाना
2. खीर गीला हो जाना
3. खीर न बन पाना
4. काम सरल हो जाना

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 5 से 8 के लिए सही विकल्प का चयन करें।

युग–युग तक चलती रहे कठोर कहानी
रघुकुल में थी एक अभागिन रानी
निज जन्म–जन्म में सुने जीव यह मेरा–
धिक्कार ! उसे था महास्वार्थ ने घेरा।
सौ बार धन्य वह एक लाल की माई'
जिस जननी ने है जना भरत सा भाई''
पागल–सी प्रभु के साथ सभा चिल्लाई–
''सौ बार धन्य वह एक लाल की माई।''

5. रघुकुल की अभागिन रानी कौन है?
1. कौशल्या
2. सीता
3. कैकयी
4. उर्मिला

6. धिक्कार! उसे था महास्वार्थ ने धेरा' पंक्ति में किसे महास्वार्थ ने धेरा था?
1. राम
2. भरत
3. सुमित्रा
4. कैकयी

7. 'प्रभु' शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है?
1. राम
2. लक्ष्मण
3. भरत
4. दशरथ

8. भाववाचक संज्ञा का एक उदाहरण है?
1. रधुकुल
2. कहानी
3. कठोर
4. सभा

Jharworld.com

## खंड–'ख' (रचनात्मक लेखन तथा अभिव्यक्ति और माध्यम)

9. भारत मे पहला छापाखाना कब खुला?

    1. 1555 ई0
    2. 1556 ई0
    3. 1557 ई0
    4. 1558 ई0

10. जनसंचार के आधुनिक माध्यमों मे सबसे पुराना माध्यम कौन सा है?

    1. प्रिंट माध्यम
    2. श्रव्य माध्यम
    3. दृश्य श्रव्य माध्यम
    4. इंटरनेट

11. मुद्रण की शुरूआत किस देश से हुई?

    1. भारत
    2. जपान
    3. इंग्लैण्ड
    4. चीन

12. तुरंत घटी घटनाओं की जानकारी जनसंचार के किस माध्यम द्वारा दिया जाना संभव नहीं हो पाता है?

    1. समाचार
    2. रेडियो
    3. टेलीविजन
    4. इंटरनेट

13. समाचार शैली क्या कहलाती है?

    1. उल्टा सीधा शैली
    2. मनोरंजक शैली
    3. उल्टा पिरामिड शैली
    4. लाइव शैली

14. समाचार पढने वाले को क्या कहते हैं?

    1. वाचक
    2. श्रोता
    3. द्रष्टा
    4. प्रतिवेदक

15. फ्रीलांसर पत्रकार का कार्य है?

    1. किसी एक समाचार पत्र के लिए नियमित लिखना
    2. भुगतान के आधार पर अलग–अलग समाचार पत्रों के लिए लिखना
    3. किसी समाचार पत्र के लिए निश्चित मानदेय पर काम करना

Jharworld.com

4. उपरोक्त में से कोई नहीं

16. कविता की पहली सर्त क्या है?

1. शब्दों से मेल जोल
2. ज्ञान-विज्ञान
3. ध्वनियों से खेल
4. स्मृति चित्र

17. साहित्य की कौन-सी विद्या पढ़ने सुनने के साथ साथ देखने के तत्व को भी अपने अंदर समेटे हुए है?

1. कविता
2. नाटक
3. कहानी
4. डायरी

18. कहानी का केन्द्रीय बिंदु क्या कहलाता है?

1. उद्देश्य
2. कथानक
3. संवाद
4. चरम उत्कर्ष

## खंड-'ग' (पाठ्यपुस्तक)

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 19-22 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिएः

मुझ भाग्यहीन की तू संबल
युग वर्ष बाद जब हुई विकल्प
दुख ही जीवन की कथा रही
क्या कहूँ आज, जो नहीं कही।

19. प्रस्तुत काव्यांश के कवि है?

1. जयशंकर प्रसाद
2. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
3. रघुवीर सहाय
4. केदारनाथ सिंह

20. कवि ने किसे अपना संबल कहा है?

1. स्वयं का
2. परिवार को
3. सरोज को
4. समाज

21. कवि का जीवन कैसा रहा है?

1. आनंपूर्ण
2. दुखपूर्ण

Jharworld.com

3. सफलतापूर्ण

4. भाग्यपूर्ण

22. विकल शब्द का अर्थ है

5. व्याकुल

6. विशेष

7. शांत

8. युग

23. जीवन के अंतिम मोड़ पर देवसेना द्वारा ठुकराने के पश्चात स्कंदगुप्त कौन सा व्रत लेता है?

1. विजया से विवाह करने का

2. आजीवन अविवाहित रहने का

3. गृह–त्याग करने का

4. इनमें कोई नहीं

24. सत्य कविता में कवि ने जीवन में सत्य की महत्ता को दर्शाने के लिए किसे माध्यम बनाया है?

1. रामायण के पात्रों को

2. पंचतंत्र की कथाओं को

3. महाभारत के पौराणिक संदर्भों को

4. बेताल पच्चीसी के पात्रों को

25. तुलसीदास की प्रसिद्ध रचना इनमें कौन–सी है?

1. पद्मावत

2. साहित्य लहरी

3. कीर्तिलता

4. रामचरित मानस

26. 'पिय सौ कहेहु सँदेसड़ा ऐ भँवरा ऐ काग'–पंक्ति किस कवि की है?

1. जायसी

2. घनांनद

3. विद्यापति

4. देव

27. केशवदास की काव्य भाषा क्या है?

5. संस्कृति

6. हिन्दी

7. ब्रज

8. अवधी

निम्नलिखित गधांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 28–31 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–

Jharworld.com

अभी भी संबंध के पिंजड़े में भारतीय जीवन विहग बंदी है। मुक्त गगन में उड़ान भरने के लिए वह व्याकुल है। लेकिन आज भारतीय जनजीवन संगठित प्रहार करके एक के बाद एक पिंजड़े की तीलियाँ तोड़ रहा है। धिक्कार है उन्हें जो तीलियाँ तोड़ने के बदले उन्हें मजबूत कर रहे है

28. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई है?

1. प्रेमघन की छाया स्मृति
2. सुमिरिनी के मनके
3. यथास्मै रोचते विश्वम
4. कुटज

29. प्रस्तुत पंक्तियों के रचनाकार है–

1. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
2. पंडित चन्द्रधर शर्मा गुलेरी
3. रामविलास शर्मा
4. हजारी प्रसाद द्विवेदी

30. भारतीय जीवन विहग कहाँ बंदी हैं?

1. लोहे के पिंजड़ो में
2. विदेशी पिंजड़ों में
3. सपनों के पिंजड़ों में
4. संबंधों के पिंजड़ों में

31. लेखक किसे धिक्कारता हैं ?

5. मुक्त गगन में उड़ान भरने वालों को
6. पराधीनता को बढ़ावा देने वाले को
7. स्वतंत्रता की माँग करने वाले को
8. इनमें से सभी

32. रामचन्द्र शुक्ल के पिता का तबादला जब हमीरपुर से मिर्जापुर हुआ तब शुक्लजी की उम्र कितनी थी?

1. आठ वर्ष
2. दस वर्ष
3. बारह वर्ष
4. अठारह वर्ष

33. सुमिरिनी के मनके पाठ के अन्तर्गत कितने लधु निबंध हैं?

1. दो
2. तीन
3. चार
4. पाँच

34. मैं भाई भाभियों की नौकरी करके पेट पाल लूँगी– यह कथन किसका है?

1. मोदिआइन बुढ़िया
2. बडी बहुरिया
3. बहुरिया की माँ
4. छोटी बहुरिया

Jharworld.com

35. दूसरा देवदास कहानी की नायिका कौन है?

1. निर्मला
2. सिंदूरी
3. पारो
4. बेला

36. कुटज के पौधे की क्या विशेषता है?

1. अपराजेय जीवनशक्ति
2. स्वावलंबन
3. आत्मविश्वास
4. ये सभी

37. सूरादास की झोंपड़ी पाठ के अंत में सूरदास क्या निश्चय करता है?

1. मुहल्ला छोडने का
2. कोई दूसरा काम आरंभ करने का
3. पुनः झोपड़ी बनाने का
4. इनमें से कोई नहीं

38. स्तब्ध रह गए रूप और शेखर। सिर्फ झरने के गिरने के शोर को छोड़ कर कोई आवाज नहीं थी कहीं। – पंक्ति के लेखक है–

1. प्रेमचंद
2. भीष्म साहनी
3. संजीव
4. विश्वनाथ त्रिपाटी

39. विकास की औद्योगिक सभ्यता को लेखक प्रभाष जोशी ने किसकी संज्ञा दी है?

1. उजाड़ की सभ्यता
2. प्रगति की सभ्यता
3. विनाश की सभ्यता
4. इनमें से कोई नहीं

40. विस्कोहर की माटी का कथानायक का नाम है–

1. सोमनाथ
2. बद्रीनाथ
3. काशीनाथ
4. विसनाथ

..................

Jharworld.com

Jharworld.com

## झारखण्ड शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, राँची
## मॉडल प्रश्न–पत्र – 2022–2023

### (विषयनिष्ठ)

**कक्षा : XII** **समयः– 1.30 घंटा**

**विषय : ऐच्छिक (हिन्दी)** **पूर्णांक–40**

**सामान्य निर्देश**

- परीक्षार्थी यथा संभव अपनी ही भाषा में उत्तर दें ।
- सभी प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने उपांत में अंकित हैं ।
- प्रश्नों के उत्तर उसके सामने दिये निर्देशों के आलोक में ही लिखें ।

### खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– 2+2+2=6**

वैज्ञानिक उन्नति के कारण मानव सभ्यता की दीवार इतनी ऊँची हो गयी है कि अब वह अपने बोझ से ही लड़खडाने लगी है। भौतिक उन्नति ने मनुष्य के अस्तित्व पर ही प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। यद्यपि विज्ञान की सहायता से मनुष्य वैभवपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहा है। सुख–समृद्धि के सभी उपाय उसके अधीन हो गए हैं, पर वह स्वयं भी स्वतंत्र नहीं रहा। सवारी को ही लीजिए। आपके पास कार है, जहाँ चाहें पहुँच जाएँगे। परंतु यदि कार खराब हो गयी, अब बुलाइए मैकेनिक को। हैं न आप उसके अधीन ! बिजली से कमरा ठंडा कर लिया है, कमरा में शिमला का आनंद ले रहे हैं परंतु बिजली फेल हो गयी तो आपका जीवन कितना कष्टमय होगा।

(क) भौतिक उन्नति ने मनुष्य के अस्तित्व पर प्रश्न चिह्न क्यों लगा दिया है ?

(ख) मनुष्य स्वतंत्र क्यों नहीं रहा ?

(ग) 'वैभवपूर्ण जीवन' का क्या अभिप्राय है ?

### खंड–ख ( रचनात्मक लेखन तथा अभिव्यक्ति और माध्यम)

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 5+5=10**

(क) 'साहित्य समाज का मार्गदर्शक' विषय पर निबंध लिखिए।

(ख) विद्यालय में योग–शिक्षा का महत्त्व बताते हुए किसी समाचार–पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

(ग) जनसंचार के प्रमुख कार्य क्या–क्या है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

### खण्ड'ग' (पाठ्य पुस्तक )

**3. निम्नलिखित में से किसी एक काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :– 5**

Jharworld.com

(क) श्रमित स्वप्न की मधुमाया में,

गहन–विपिन की तरू छाया में,

पथिक उनींदी श्रुति में किसने,

यह विहाग की तान उठाई।

(ख) तुम्ह बिनु कंता धनि हरूई तन तिनुवर भाडोल।

तेहि पर बिरह जराई है चैट उड़ावा झोल।।

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 3+3=6**

(क) राम के प्रति अपने श्रद्धाभाव को भरत किस प्रकार प्रकट करते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'रहि चकि चित्रलिखी–सी' पंक्ति का मर्म अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

**5. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3+3=6**

(क) ''बालक बच गया। उसके बचने की आशा है क्योंकि वह लड्डू की पुकार जीवित वृक्ष के हरे पत्तों का मधुर मर्मर था, मरे काठ की अलमारी की सिर दुखाने वाली खड़खड़ाहट नहीं'' कथन के आधार पर बालक की स्वाभाविक प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

(ख) संवदिया की क्या विशेषताएँ हैं और गाँव वालों के मन में संवदिया की क्या अवधारणा है?

(ग) 'कुटज' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए कि दुख और सुख तो मन के विकल्प है।

**6. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए :– 2**

(क) अज्ञेय द्वारा रचित किन्हीं दो उपन्यासों के नाम बताइए।

(ख) ममता कालिया के किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखें।

**7. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए :– 3**

(क) यह फूस की राख न थी, उसकी अभिलाषाओं की राख थी। संदर्भ सहित विवेचन कीजिए।

(ख) 'बच्चे का माँ का दूध पीना सिर्फ दूध पीना नहीं माँ से बच्चे के सारे संबंधों का जीवन–चरित होता है' – टिप्पणी कीजिए।

**8. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए :– 2**


Jharworld.com

(क) शैला और भूप ने मिलकर किस तरह पहाड़ा पर अपनी मेहनत से नयी ज़िंदगी की कहानी लिखी ?

(ख) अब मालवा में वैसा पानी नहीं गिरता जैसा गिरा करता था। उसके क्या कारण हैं ?

...................

Jharworld.com